## संक्षिप्त

### कैकई मंथरा संवाद की कथा सुनाई

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ॐ टंकेश्वर महादेव मंदिर बिज्यावाली वार्ड नं 11श्रीमाधोपुर में चल रही श्रीराम कथा में राम के राज तिलक से पूर्व कैकई मंथरा संवाद की कथा सुनाई। प्रयागराज के कथावाचक नंदलाल पांडेय ने बताया कि मंथरा कैकई से कहती है कि राजा दशरथ आप से अधिक प्रेम करते हैं कौशल्या को उससे जलन होती है इसलिए उसने जाल फैलाकर साजिश के तहत राम के राजतिलक के लिए समय सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने स्वयं अपने कर्तव्यों की पूर्ति के लिए कैकई और मंथरा की मति भ्रष्ट कर दी थी। नामु मंथरा मंदमति, चेरी कैकइ केरि। अजस पेटारी ताहि, करि गई गिरा मति फेरि। मन्थरा नाम की कैकेई की एक मंदबुद्धि दासी थी, उसे अपयश की पिटारी बनाकर सरस्वती उसकी बुद्धि को फेरकर चली गईं। कैकई ने मंथरा की बात मानी ओर कोप भवन में चली गई। इस अवसर पर कई भक्तगण मौजूद थे।

### सीएम के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**पावटा, (निसं)।** पटवार संघ उपशाखा पावटा ने गुरुवार को नेशनल हाईवे पर यातायात पुलिसकर्मीयों पर हुए जानलेवा हमले में आरोपियों पर कडी कार्यवाही को लेकर सीएम के नाम उपखंड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राजस्थान पटवार संघ उपशाखा पावटा अध्यक्ष महेश स्वामी ने बताया कि 26 जून 2024 को पावटा सी एच सी कट यातायात पुलिस चौकी में तैनात यातायात पुलिसकर्मीयों पर हुए हमले की पटवार संघ उपशाखा पावटा कडे शब्दो मे निंदा करता है। वही दोषियों के खिलाफ अति शीघ्र कठोर कार्यवाही व पीडित व परिजनों के लिए उचित आर्थिक लाभ एवं घायल जवानों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की मांग की। वही राज्य सरकार से भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उचित प्रयास की अपेक्षा की बात कही। इस दौरान भोनावस, दांतिल, फतेहपुरा, टसकोला, द्वारिकपुरा, भूरी भडाज, पाथरेडी, राजनौता पटवारी सहित अन्य पटवारी मौजूद रहे।

### नवल किशोर को पुष्पांजलि दी

**दौसा, (निसं)।** गुजरात के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित नवल किशोर शर्मा की 99वीं जयंती पर शुक्रवार को उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। खादी बाग एवं गुप्तेश्वर रोड स्थित पंडित नवल किशोर सामुदायिक भवन में आरपीएससी के पूर्व मेंबर एवं पूर्व प्रधान विनोद बिहारी शर्मा, पूर्व मंत्री बृज किशोर शर्मा, समाजसेवी नवल सर्राफ, राज्यपाल शर्मा के पूर्व ओएसडी बाबूलाल निर्झर, कर्मचारी नेता भगवान वर्मा, राजेंद्र शर्मा, पूर्व तहसीलदार ज्ञानचंद जैमन, पूर्व पार्षद नरेंद्र जैमन, रामावतार मामा, दीपक काली पहाडी, चंद्रशेखर शर्मा लाला सहित अनेक गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

### गोरखधंधा शब्द को बैन करने की मांग

**दौसा, (निसं)।** बांदीकुई विधायक भागचंद टांकडा द्वारा विधानसभा में उठाए मिलावट के मामले में गोरखधंधा शब्द बोलने पर भडके नाथ समाज के लोगों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर टांकडा का पुतला फूंका। समाज के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर गोरखधंधा शब्द को बैन करने की मांग की। नाथ समाज के लोगों का कहना था कि पूरे भारत में गुरु गोरखनाथ के लगभग 20 करोड अनुयायी निवास करते हैं। गुरु गोरखनाथ नाथ समाज योगी समाज के आराध्य देव हैं। गोरखधंधा शब्द अच्छे व उत्कृष्ट कार्यो में प्रयोग किया जाता है। इस शब्द की महिमा आज तक गुरु गोरखनाथ के अलावा कोई नहीं समझ पाया। ज्ञापन देने वालों में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विनोद योगी, सतीश योगी, रोशन योगी, विष्णु, लक्ष्मण, ग्यारसीलाल, रामकेश, रामावतार आदि थे।

### कार्यकारिणी का गठन किया

**मनोहरपुर, (निसं)।** नगरपालिका परिसर में शुक्रवार को कार्मचारी संघ मनोहरपुर राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन शाखा मनोहरपुर की बैठक सभागार में शुक्रवार को सायं 4 बजे रिछपाल सिंह चौधरी राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन जयपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निम्नानुसार कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे रिछपाल सिंह चौधरी, राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन जयपुर के द्वारा शपथ दिलवाई गई।

# बारिश से ईटली जोहड़ हुआ ओवरफ्लो, सड़के लबालब

**कोटपूतली, (निसं)।** बुधवार व गुरूवार को हुई झमाझम बारिश ने एक और जहाँ क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी से राहत दी है वहीं शुक्रवार को बारिश नहीं आने से दिन भर लोगों को भारी उमस का सामना करना पडा।

इधर नगर परिषद् के अधिकारियों तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों एंव शहर में सीवरेज का काम कर रही कम्पनी के घटिया इंजिनियरों की कार्यशैली के चलते विगत दो दिन हुई लगातार बारिश ने कस्बेवासियों को ना केवल परेशानी में डाल दिया बल्कि शहर की अधिकांश गलियों की सडके जैसे ही फेल ड्रेनेज सिस्टम के चलते नालों का पानी सडकों पर आया तो सडकें दरिया में तब्दील हो गई इतना ही नहीं निर्माणाधीन सीवरेज लाईन के गड्डों व जगह-जगह लगे कचरे के ढेरों ने भी यहां प्रशासन की सर्तकता व नगर परिषद् की कार्यशैली को सवालों के कटघरे में खडा कर दिया है। शहर के हालात यहां तक बिगडे की कहीं तो सीवरेज के चैम्बरों के पास मिट्‌टी धंस गई तो कहीं जलदाय विभाग द्वारा तोडी गई सडकें धंस गई जिसके चलते शहर की दर्जनों गलियों में वाहन फंसे रहे।




कोटपूतली में नालों का पानी सड़कों पर आया तो सड़कें दरिया में तब्दील हो गई।

वही स्थिती कस्बे के गोपालपुरा रोड व लक्ष्मीनगर के मध्य स्थित फौजावाली-अमरपुरा, नई कोठी व हाऊसिंग बोर्ड सहित आसपास के नागरिकों एवं वार्ड नं. 4 स्थित ईटली वाली ढाणी के नागरिकों की है। जिनके लिये यहाँ स्थित

- करीब एक करोड़ खर्च के बाद भी जोहड़ का गंदा पानी लोगों की दहलीज पर दे रहा दस्तक

ईटली का जोहड लम्बे समय से जी का जंजाल बना हुआ है।

जहाँ आधे से ज्यादा शहर का गंदा पानी एवं बारिश का जल एकत्रित हो रहा है। इतना ही नहीं बारिश का जल जैसे ही जोहड में पहुंचता है तो हालात भयावह हो जाते है। सडकें दरिया बनकर यहां रहने वाले लोगों के ना केवल रास्ते रोक देती है बल्कि लोगों के घरों की दहलीज तक दस्तक देती है। स्थानीय नागरिकों ने मिट्टी डालकर कुछ पंगडंडियों से आवागमन का रास्ता बनाया है या फिर दुपहिया व चौपहिया वाहनों से अपने घर आने-जाने पर मजबुर है। यही नहीं गंदे पानी से उठने वाली दुर्गन्ध के कारण लोगों का ना केवल जीना दुस्वार हो गया है। बल्कि यहां रहने वाले लोगों पर मौसमी बिमारियों का भी खतरा मंडराने लगा है।

## एसडीएम ने जरूरी निर्देश दिये

**टोंक, (निसं)।** मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर से जिले में अत्यंत भारी वर्षा के रेड अलर्ट के तहत मेघ गर्जन, बिजली गिरने एवं तेज हवा के साथ वर्षा की चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विभाग की चेतावनी के मध्यनजर टोंक उपखंड के बहीर रपटा, चूली रपटा, छाण-बास सूर्या, मंडावर, पक्का बंधा रपटा एवं बनास नदी के पुराने एवं नये पुल के अतिरिक्त विभिन्न जल भराव वाले क्षेत्र पर जनहानि व पशु हानि होने की संभावना है। टोंक उपखंड अधिकारी राहुल सैनी ने भारी वर्षा के तहत टोंक उपखंड में जल भराव की आशंका को देखते हुए हसीलदार, नगर परिषद आयुक्त एवं विकास अधिकारी को निर्देश दिए है कि वे अधीनस्थ कार्मिकों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर पानी के बहाव वाले रपटों में हो रहे आवागमन पर सतत निगरानी करें। इसके साथ ही, पानी का बहाव तेज होने पर आवागमन को तत्काल रूकवाना सुनिश्चित करें। जलभराव वाले क्षेत्रों से लोगों व जानवरों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी करवाना सुनिश्चित करें।

# प्रतिभाशाली 23 विद्यार्थियों का सम्मान, प्रवेशोत्सव रैली निकली

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** पीएम श्रीराजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में विद्यालय की प्रतिभाशाली 23 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया तथा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए गाजे बाजे के साथ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की प्रवेशोत्सव रैली निकाली गई। विद्यालय में नि:शुल्क पाढ्य पुस्तक वितरण समारोह के आयोजन में झाबर सिंह खर्रा शहरी विकास और स्वायत्त शासन मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में अजय सिंह खर्रा के मुख्य अतिथि, नगर मंडल अध्यक्ष रोशन बिजारनिया, पार्षद रामावतार मेहल्डा, रविंद्र ओसवाल की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्र-छात्राओं को नि::शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरित की गई।

प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर ने बताया कि विद्यालय के 23 प्रतिभाशाली टॉपर छात्र-छात्राओं को



विद्यालय के 23 प्रतिभाशाली टॉपर छात्र-छात्राओं को माला व साफा पहनाकर एवं मोमेंटो, गोल्ड व सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया।

माला व साफा पहनाकर एवं मोमेंटो, गोल्ड व सिल्वर मेडल देकर अतिथियों द्वारा टीना सैनी, आयुष गर्ग, गुंजन कुमावत, खुशी सैनी, कीर्ति कुमावत, सुनील कुमार सैनी, हिमांशु सोनी, सिमरन शर्मा, वंश कुमावत, चारु मिश्रा, आदित्य चौधरी , मोहित सैनी ,विजय टेलर , हेमंत सैनी ,मोहित कुमार सैनी ,गौरव कुमावत , सपना सैनी ,वंशिका कुमावत , वर्षा सैनी , दीक्षा , राधिका नायक , प्रेरणा , मोहित नायक आदि छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के टॉपर टीना सैनी को विद्यालय के उप्राचार्य विनोद कुमार यादव ने इक्कीस हजार रुपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। टॉपर्स बच्चों को पूनम पारीक व्याख्याता, पूनम देवी, कृष्णा पालीवाल व्याख्याता, हंसा देवी व्याख्याता ने एक हजार देखकर सम्मानित किया वही शिशुपाल सिंह अध्यापक आदि द्वारा भी बच्चों को नगद राशि पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहा है इसके लिए पूरे विद्यालय परिवार को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया तथा लोगों से ज्यादा से ज्यादा बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए अपील की। विद्यालय में शैक्षिक व विकास सम्बंधित सुविधाओं को बढावा देने के लिए भी मुख्य अतिथि ने पूर्ण आश्वासन दिया है। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य मार्ग से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की रैली निकाली गई ।

# निवाई में दो सड़क दुर्घटनाओं में दो जने घायल

**निवाई/गुंसी, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर शुक्रवार को मूंडिया एवं गुंसी के समीप दो अलग अलग सडक दुर्घटना में एक महिला कर्मचारी व एक जुगाड चालक घायल हो गया। 108 एंबुलेंस के मेल नर्स दीवान सिंह एवं पायलेट मोहम्मद जमील ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5:45 बजे लालसोट निवासी

- मूंडिया एवं गुंसी के समीप हुआ हादसा

जब्बार खान पुत्र मोहम्मद लालसोट से लोहे के पाइप, इंगल एवं लोहे की पत्तियों से लदे जुगाड को लेकर निवाई की ओर आ रहा था। इसी दौरान मूंडिया बायपास पर जुगाड के पीछे से एक ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इस दौरान ट्रेलर करीब दो सौ मीटर तक जुगाड को घसीटता हुआ ले गया जिससे जुगाड चालक घायल हो गया



हाईवे पेट्रोलिंग कर्मचारियों ने सड़क मार्ग पर बिखरे सामान को सड़क से दूर करके यातायात सुगम करवाया।

और उसमे लदा सामान सडक मार्ग पर बिखर गया। टक्कर मारने के बाद ट्रेलर मौके से फरार हो गया। सूचना पर निवाई सदर पुलिस एवं हाईवे पेट्रोलिंग टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायल को 108 एंबुलेंस की सहायता से राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई में भर्ती करवाया। हाईवे पेट्रोलिंग कर्मचारियों ने सडक मार्ग पर बिखरे सामान को सडक से दूर करके यातायात सुगम करवाया।

# 'सम्मान करने से प्रतिभाओं का हौसला बुलंद होता है'

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम लोचुकाबास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं एवं स्थानीय परीक्षाओं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह भाजपा एससी मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गणपत वर्मा के मुख्य अतिथि, सेवानिवृत भामाशाह एएओ बाबूलाल शर्मा, भामाशाह बंशीधर पटवारी , अशोक शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य काशी प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। मंच संचालन रोहिताश्व डूडी ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वर्मा ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान से हौसला अफजाई होती है। उन्हें निरंतर आगे बढ ने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर

- प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

विद्यालय की 12वीं कला वर्ग में टॉपर निशा वर्मा 93.20 प्रतिशत, पूजा यादव 90प्रतिशत, कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा हितेश यादव की प्रतिनिधि हिमानी यादव, गायत्री यादव को माला, साफा पहनाकर एवम् प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 8 बोर्ड में सभी विषयों में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले छात्र श्री राम यादव, 9 कक्षा की टॉपर रीना यादव, 11 की टॉपर मनीषा यादव सहित कोमल यादव, मनीष यादव ,निकिता यादव,पूजा यादव , हिमानी यादव, खुशी कुमारी एवम् भरत सिंह यादव सहित अन्य का भी माला पहनाकर एवम् प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। पारितोषिक पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से झूम उठे।

# टीम भावना के साथ काम कर विकास को गति देवे : भूपेंद्र यादव

**अलवर, (निसं)।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिये कि टीम भावना के साथ समन्वित प्रयासों से जिले के सर्वांगीण विकास को गति देवे व आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण किया जावे।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव ने अलवर शहर के वेस्ट मैनेजमेंट, पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता की समीक्षा कर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु में नालों आदि की सफाई कार्य हेतु संसाधनों में इजाफा करे जिसमें 6 जेसीबी मशीन व 12 ट्रैक्टर व अन्य संसाधन आवश्यकतानुसार लेकर 8 जुलाई से सफाई का विशेष अभियान प्रारम्भ करे। उन्होंने निर्देश दिये कि इस कार्य को सुगमता से संचालित कराने हेतु सूचना सम्प्रेषण के लिए वाट्सएप ग्रुप बनाए जिसमें नगर निगम के पार्षदों एवं




केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिये।

संबंधित अधिकारियों को जोडे।

उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था में सिंगल यूज प्लास्टिक एक बडी बाधा है अत: नगर निगम सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन, संग्रहण एवं विक्रय पर कडाई से लगाम लगाने हेतु कार्रवाई करें। साथ ही आमजन को जागरूक करें कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को व्यवहार में लाए। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर के ऐसे स्थानों को चिन्हित करे जहां पर लोगों द्वारा कचरा फैलाया जाता है वहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर कचरा फैलाने व्यक्तियों को सार्वजनिक किया जाए।

उन्होंने शहर की स्वच्छता, वेस्ट मैनेजमेंट आदि में सुधार हेतु निर्देश दिये कि नगर निगम महापौर व आयुक्त 6 जुलाई को इन्दौर जाए जहां नगर निगम इन्दौर के अधिकारियों से स्वच्छता में नम्बर वन बने रहने के लिए किए जा रहे कार्यों आदि की जानकारी लेवे साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि एनसीएटी योजना व कचरा निस्तारण प्रबंधन हेतु

- वेस्ट मैनेजमेंट, पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता की समीक्षा की

केन्द्र सरकार के विभागीय अधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर भिजवाए।

उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि जिला वाणिज्य एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक व अन्य संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अग्यारा स्थित एसटीपी के परिशोधित जल (ट्रिटेड वाटर) का उपयोग औद्योगिक उपयोग में लिया जावे जिससे एमआईए क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों द्वारा उपयोग में लिया जा रहा भूजल बचाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में वार्डवार बैठक भी लेवे। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर के सुलभ शौचालय साफ रहे।

## सार-समाचार

### जोधपुरा संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन



**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम जोधपुरा में संघर्ष समिति का धरना अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ शुक्रवार को लगातार 576वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। सीमेंट प्लांट प्रशासन द्वारा समझौते वार्ता की अवहेलना किये जाने पर समिति सदस्यों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि विगत 30 जून को जोधपुरा संघर्ष समिति व कोटपूतली प्रशासन के बीच जो लिखित समझौता हुआ था। उसके अनुसार अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट को पॉल्यूशन विभाग की सर्वे टीम क्रेशर चलाये जाने के लिए जब तक एनओसी जारी नहीं करती, तब तक क्रेशर बंद रहेगा। किन्तु शुक्रवार को सीमेंट प्लांट प्रशासन द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा किए गए समझौते वार्ता की अवहेलना करते हुए क्रेशर को चलाया गया। एसडीएम ने समिति सदस्यों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास, कैलाश मीणा, सचिव कैलाश यादव, दिनेश यादव, लीलाराम यादव व हजारी लाल सहित ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

### शंकर शर्मा ने किया पौधारोपण

**दौसा, (निसं)।** दौसा विधानसभा में ज्यादा से ज्यादा पेड लगाने व उनकी सुरक्षा करने के संकल्प के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे अभियान एक पेड मां के नाम के अंतर्गत शुक्रवार को पूर्व विधायक शंकर शर्मा ने विभिन्न स्थानों पर सघन वृक्षारोपण किया। मंदिर के महंत महाराज सहित नगर परिषद के अधिशाषी अधिकारी कैलाश चंद मीना, सहायक अभियंता रघुवीर प्रसाद शर्मा व कनिष्ठ अभियंता सहित नगर परिषद के कार्मिक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके बाद गेटोलाव धाम पहुंचकर वृक्षारोपण किया। हाल ही हुई बारिश में गेटोलाव बांध में पानी की अच्छी आवक हुई है। ऐसे में निश्चित रूप से भूजल में बढ ोतरी होगी। हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिला कार्यालय पर आयोजित आवासीय केम्प में सभी को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर उन्हें सुरक्षित व संरक्षित करने का संकल्प दिलाया।

### एडवा की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**अलवर, (निसं)।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति एडवा के 18.6.2024 को ज्ञापन पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेकर अलवर कला कॉलेज प्राचार्य अशोक आर्य एवं इनकी पत्नी वसुंधरा चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एडवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं माकपा जिला सचिव रईसा का कहना है कि गरीब दलित छात्रा एवं उसके परिवारजन की बेरहमी से पिटाई एवं अभद्रता के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होने तक एडवा का संघर्ष जारी रहेगा। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, पुलिस महानिदेशक, पुलिस अधीक्षक अलवर एवं अन्य उच्च अधिकारियों को भी शिकायत की गई है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को प्रेषित एडवा ने ज्ञापन में लिखा है कि अलवर का एक पीडित दलित मजदूर अपनी पत्नी और बेटी के साथ अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं माकपा जिला सचिव रईसा से मिला। छात्रा बीए द्वितीय वर्ष की है। मजदूर की पत्नी घरों में झाडू पोंछा करती है। रईसा से मिलकर पीडित परिवार ने विस्तार से अपनी पीडा बताई। एडवा ने पुरजोर मांग की है कि गरीब दलित महिलाओं की पिटाई और बेअदवी के आरोपी कला कॉलेज प्राचार्य अशोक आर्य एवं इनकी पत्नी वसुंधरा चौधरी को सरकारी सेवा से निलंबित कर इनके खिलाफ त्वरित कडी कानूनी कार्यवाही की जाए। दलित महिलाओं को सताने के लिए वसुंधरा चौधरी जो जाति से जाट है के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत जांच की जाए। एडवा ने पीडित परिवार की हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

### हितधारक सम्मेलन आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में हितधारक सम्मेलन आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नवीन सत्र को सफलतापूर्वक चलाने एवं कक्षाओं में अध्ययन अध्यापन हेतु सभी मिलकर एक साथ प्रयास करेगें। महाविद्यालय में व्यवस्था बनाने के लिए जो भी कठिनाईयां आयेगी उनको दूर कर लिया जायेगा। महाविद्यालय में गठित पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष डॉ. वासुदेव गुप्ता ने कहा कि आदमी की नियत सही हो तो सब कार्य कुशलतापूर्वक हो जाते है। शिक्षाविद् डॉ. एम.पी कुमावत ने बताया कि प्राचार्य अकेला व्यवस्था नहीं कर सकता। महाविद्यालय में व्यवस्था बनाये रखने के लिए सम्पूर्ण स्टॉफ को मिलकर प्रयास करने होगें। शिक्षाविद डॉ. हजारी लाल मौर्य ने महाविद्यालय के पूराने किस्से सुनाते हुए कहा कि महाविद्यालय को ऊंचाईयों पर ले जाने के एक साथ प्रयास करने होगें। शिक्षाविद उमराव लाल वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों में आपसी सहयोग की भावना होनी चाहिये। डॉ. पी. सी. जाट ने पूर्व छात्र परिषद् के क्रियाकलापों के बारे में बताया। महाविद्यालय के पूर्व छात्र तथा वर्तमान में महाविद्यालय में पदस्थापित सहायक आचार्य और सह आचार्यो ने अपने विचार रखें। देशराज यादव, अशोक सिंह, डॉ. हुकमचंद गुर्जर, घनश्याम गुर्जर, मुकेश कुमार अग्रवाल, ज्योति पाठक आदि ने महाविद्यालय में अध्ययन काल के स्वर्णिम इतिहास के बारे में बताया।

# 'गो ग्रीन अभियान' के लिए दिये निर्देश



पर्यावरण संरक्षण के लिए 'गो ग्रीन अभियान' को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करवाने की बात कही।

**सांभरझील, (निसं)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) अजित कुमार हिंगर के निर्देशन में अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश,क्र.स.1) अरविंद कुमार जांगिड सांभर की अध्यक्षता में क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी प्रशासनिक अधिकारियों से वार्तालाप में पर्यावरण संरक्षण के लिए 'गो ग्रीन अभियान' को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करवाने की बात कही। सभी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संकल्प को पूरा करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की। अपने क्षेत्राधिकार के सभी राजकीय परिसरों में पेड लगाये जाने हेतु पर्याप्त स्थान, पानी एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। बैठक में तहसीलदार सांभर कृष्णा शर्मा, वृताधिकारी सारिका खण्डेलवाल, वृताधिकारी जोबनेर नरेंद्र कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि मूलचन्द यादव, खण्ड विकास अधिकारी के प्रतिनिधि राकेश बैनीवाल, अधिशाषी अधिकारी शिकेश कांकरिया, लेखाधिकारी गोपाल सिंह पंवार, अधिशाषी अधिकारी जोबनेर तेजपाल मीणा, क्षेत्रिय वन अधिकारी फुलेरा से प्रतिनिधि गोरी शंकर की मौजूदगी रही।